प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

20 मई 2026

आरबीआई दीर्घावधि यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी के माध्यम से चलनिधि उपलब्ध करवाएगा

वर्तमान और उभरती चलनिधि स्थितियों की समीक्षा के बाद, यह निर्णय लिया गया है कि तीन वर्ष की अवधि के लिए 5 बिलियन अमेरिकी डॉलर की यूएसडी/आईएनआर खरीद/बिक्री स्वैप नीलामी आयोजित की जाए।

नीलामी का विवरण इस प्रकार है:

स्वैप राशि (बिलियन अमेरिकी डॉलर)	नीलामी की तारीख	नीलामी का समय	निकटवर्ती चरण/स्पॉट की तारीख	भावी चरण की तारीख
5	26 मई 2026	पूर्वाह्न 10:30 से पूर्वाह्न 11:30	29 मई 2026	29 मई 2029

बाजार सहभागियों को अपनी बोलियाँ उस प्रीमियम के अनुसार प्रस्तुत करनी होंगी जो वे स्वैप की अवधि के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक को देने को तैयार हैं, जिसे दशमलव के दो स्थानों तक पैसे के रूप में व्यक्त करना होगा। नीलामी का कट-ऑफ प्रीमियम पर आधारित होगा। नीलामी एकाधिक मूल्य आधारित नीलामी होगी, अर्थात् सफल बोलियाँ उनके संबंधित उद्धृत प्रीमियम पर स्वीकार की जाएँगी।

परिचालन संबंधी दिशानिर्देश, पात्रता मानदंड और अन्य विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।

(ब्रिज राज)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2026-2027/297